निगमित संप्रेषण एवं निवेशक संबंध
प्रधान कार्यालय : लोकमंगल, शिवाजीनगर, पुणे-5
टेली : 020-25614495, 25614366, 25514501 से 12 विस्तार

प्रेस विज्ञप्ति

श्री संजय मल्होत्रा, सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा बैंक ऑफ महाराष्ट्र को भेंट

पुणे, 3 सितंबर, 2022 : श्री संजय मल्होत्रा, सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय ने दिनांक 03 सितंबर, 2022 को बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रधान कार्यालय, पुणे को भेंट दी। उनके साथ श्री भूषण कुमार सिन्हा, संयुक्त सचिव और श्री हार्दिक शेठ, निदेशक, वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय भी उपस्थित थे। श्री ए. एस. राजीव, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने कार्यपालक निदेशकों, श्री ए. बी. विजयकुमार और श्री आशीष पाण्डेय तथा महाप्रबंधकगण के साथ उनका स्वागत किया।

श्री संजय मल्होत्रा ने बैंक के शीर्ष प्रबंधन के साथ एक बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में उन्होंने बैंक के कार्य-निष्पादन की समीक्षा की। श्री मल्होत्रा को EASE 5.0 सुधारों के अनुरूप बैंक के तीन वर्षीय स्ट्रैटेजिक रोडमैप से भी अवगत कराया गया। श्री संजय मल्होत्रा, सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग ने बैठक को संबोधित करते हुए व्यवसाय विस्तार और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने में बैंक द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने ग्राहकों की जरूरतों को विशेष रूप से ध्यान में रखते हुए, बैंकिंग सेवाओं को

निगमित संप्रेषण एवं निवेशक संबंध
प्रधान कार्यालय : लोकमंगल, शिवाजीनगर, पुणे-5
टेली : 020-25614495, 25614366, 25514501 से 12 विस्तार

सरल बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा निर्दिष्ट आवश्यक सुधार करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा डिजिटाइजेशन के माध्यम से उत्पादों और सेवाओं में नवोन्मेष तथा ग्राहक संतुष्टि में संवर्धन हेतु उपाय किए जाएं।

प्रबंध निदेशक एवं सीईओ श्री ए. एस. राजीव ने बैंक की प्रगति हेतु किए गए उपायों की जानकारी देते हुए कहा कि "बैंक ने पिछले तीन वर्षों में अखिल भारतीय स्तर पर शाखा नेटवर्क के माध्यम से अपना विस्तार करने के साथ ही कार्यनिष्पादन, लाभप्रदता और दक्षता को बढ़ाने के लिए विभिन्न उपाय किए हैं। बैंक डिजिटल कौशल में संवर्धन करने और EASE 5.0 सुधारों के अनुरूप पहल करने के लिए विभिन्न रणनीतियां लागू कर रहा है। मजबूत बॉटम-लाइन बढ़ोत्तरी के साथ बैंक के टॉपलाइन बिजनेस में भी वृद्धि हुई है। श्री राजीव ने कहा कि "हम ईज़ के साथ डिजिटल सक्षम सेवाओं के माध्यम से सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के कार्यान्वयन में हरसंभव सहयोग करने और कार्य-संचलन के सबसे प्रभावी तरीके से वांछित सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।"